## खबर संक्षेप

### थाना टिकरिया विजयदशमी दशहरा में शस्त्र पूजा



**नारायणगंज।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी थाना टेकरिया में समस्त स्टाफ द्वारा विजयदशमी दशहरा के उपलक्ष में थाना में विधि विधान से पंडित द्वारा शास्त्रों की पूजा की गई जिसमें माँ दुर्गा जी की प्रतिमा रखकर सभी कर्मचारियों ने पूजा अर्चना कर शास्त्रों की पूजा की ज्ञात होने की विगत कई वर्षों से थाना टिकरिया में नवरात्रि पर्व पर माँ दुर्गा की प्रतिमा रखते हैं एवं 9 दिन समस्त कर्मचारी एवं समितियां मिलकर दुर्गा पूजा का आयोजन एवं विभिन्न संस्कृत कार्यक्रम किया जाता है वर्षों से चली आ रही परंपरा के चलते हुए थाना टिकरिया टी आई गोपाल घोसले द्वारा शस्त्र पूजा के द्वारा मां भगवती की उपासना की इसमें समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा भव्य शस्त्र पूजन



**मण्डला।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा भव्य शस्त्र पूजन शनिवार को कृषि उपज मंडी मंडला के प्रांगण में किया गया जिसमें प्रवीण कुमार यादव जिला महामंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉक्टर, एल,बी, सिंह चंदेल मुख अतिथि तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष हीरा सिंह सुखवानी जी एवं जिला अध्यक्ष रामगोपाल यादव एवं अन्य जिला एवं तहसील नगर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें सभी हिंदुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लीया और इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### जिले में चल रहे सदस्यता अभियान के तहत

**सिवनी।** सोमवार 14 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें सक्रिय सदस्यता प्रमुख श्री वीरेंद्र फौजदार एवं जिला संगठन प्रभारी श्री अरुण द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे ने बताया कि, इस कार्यशाला में सदस्यता अभियान की समीक्षा, उसे और अधिक गति देना तथा सक्रिय सदस्यता से संबधित मार्गदर्शन दिया जायेगा। भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से समस्त जिला पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, एवं प्रभारी, के साथ ही जिले व मंडल के सक्रिय सदस्यता प्रभारी व उनके सहयोगी तथा सासंद एवं विधायक गणों को आमंत्रित किया गया है।

### विधायक ठा. रजनीश सिंह ने किये देवी जी के दर्शन

**केवलारी।** नगर में नवरात्रि पावन पर्व के शुभ अवसर पर केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने केवलारी नगर भ्रमण कर नगर में जगह जगह विराजमान देवी माँ के पंडाल पहुंच कर मां दुर्गा के भव्य स्वरूपों के दर्शन एवं आरती पूजन किये।केवलारी विधायक के नगर आगमन पर स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत कर उनके साथ देवी जी के दर्शन पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।ऊगली नाका,बस स्टैंड,बाजार चौक,चांदनी चौक,बड़े ग्राउंड,हनुमान चौक,रेलवे स्टेशन के पंडाल में विराजी भगवती सहित दुर्गा माता मंदिर दुर्गा चौक और माँ बड़ी खेरमाई मंदिर में स्थापित कलश की पूजा अर्चना की।विभिन्न पंडालों में मंडली में बैठी महिलाओं की मांग पर उन्होंने अनेक महिला मंडल में मंडली के लिये ढोलक हारमोनियम आदि वाद्ययंत्रों के लिए राशि देने का अस्वासन भी दिया।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश शस्त्र संपन्न बन गया है - मंत्री श्रीमती संपतिया उईके

### विजय दशमी पर्व पर शस्त्र पूजन करना हमारी प्राचीन परंपरा रही है - सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते

### मंत्री श्रीमती संपतिया उईके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने पुलिस लाईन मंडला में शस्त्र पूजन किए





**मण्डला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने देवी अहिल्या बाई की 300वी जयंती एवं महिला सशक्तिकरण के महती कार्यों की स्मृति और विजयादशमी पर्व के अवसर पर शनिवार को पुलिस लाईन मंडला में शस्त्र का पूजन किया। उन्होंने सर्वप्रथम पुलिस लाईन में रखे शस्त्रों का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कर महाआरती कर प्रसादी प्राप्त किया और वाहनों का भी पूजन किया। मंत्री श्रीमती उईके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने विजय दशमी पर्व पर देश/प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने विजय दशमी पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे देश को समृद्ध संपन्न और शक्तिशाली बनाने के लिए हमारे पास शस्त्र होना आवश्यक है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित वर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नागरिकों के लिए हर क्षेत्र में विकास के कार्य किए हैं। इससे देश की प्रगति हुई है और नागरिकों की समृद्धि बढ़ी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश शस्त्र से संपन्न बन गया है। किसी भी युद्ध में जरूरत पड़ने पर हमारे पास पर्याप्त मात्रा में शस्त्र उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हमारा देश शस्त्र, कारखाने, लड़ाकू विमान, रॉकेट, मिसाईल और पनडुब्बियों से संपन्न हैं। हमारा देश हथियारों का निर्यात भी कर रहा है। उन्होने कहा कि आज विजय दशमी पर्व के अवसर पर पूरे प्रदेश में शस्त्र का पूजन किया जा रहा है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के महाभारत युद्ध और भगवान श्रीराम व रावण के लंका युद्ध के बारे में भी बताया कि युद्ध में शस्त्र का अत्यधिक महत्व होता है, इससे हमारी रक्षा और जीत होती है।

सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि विजयदशमी पर्व में शस्त्रों का पूजन किया जाता है। यह पूजन हमारे देश की प्राचीन परंपरा रही है। विजयदशमी पर्व में शस्त्रों के पूजन से हमें शक्ति मिलती है। इस अवसर पर हम शस्त्र का पूजन कर उनकी शक्ति का प्रदर्शन करते हैं। जिससे हम हमारे शस्त्र के संचालन में पारंगत रहें। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि विजय दशमी का पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विजयदशमी के दिन भगवान श्री राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी। विजय दशमी का पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। जिससे लोग बुराई पर अच्छाई की जीत को हमेशा स्मरण करें। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि आज हम विजय दशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कर यह संदेश दे रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश शस्त्र संपन्न बन गया है।

## प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत बन रही रोड में अनियमिकता



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत आमदरा मैं प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत बन रही सड़क जो कि आमदरा से कुई रैयत कल 4 किलोमीटर सीसी रोड बनाने है जिसकी लागत राशि 3 करोड़ 21 लाख रुपए है, ग्रामीणों द्वारा शिकायत जिला सदस्य भूपेंद्र बरकड़े से शिकायत की है कि कि आज दिनांक10/ 10 /2024 दिन गुरुवार को आमदरा से कुईवन ग्राम के ग्रामीणों ने मौखिक शिकायत पर कहा कि जन मन योजना के अंतर्गत सीसी सड़क निर्माण , कार्य में , प्राक्कलन के अनुसार कर नहीं किया जा रहा है इसके निरीक्षण के लिए भूपेंद्र बरकड़े मौके में जाकर देखा एवं चल रहे काय चालू पर पूर्व में बने सडक वनग्राम 2 वर्ष 2008 सीसी रोड के ऊपर रोड बनाया जा रहा था मौके पर कार्य करा रहे सुपरवाइजर से काय एवं गुणवत्ता के विषय में पूछने पर विभागीय अधिकारी से बात करने की सलाह दी गई मौके में ही मेरे द्वारा महाप्रबंधक पीएमजी एवं प्रमुख मंडला श्रीमती उषा चौधरी जी से मोबाइल में संपर्क कर प्राक्कलन के अनुसार रोड निर्माण के संबंध में जानकारी ली गई जिसके द्वारा बताया गया की सीसी रोड के ऊपर ही रोड बनाया जाना है जिससे 12.5 कम अर्थात 5,सी एम का फिटनेस दिया जाना है बनाए जा रहे रोड निर्माण में निरीक्षण उपरांत रोड की जांच की गई जिसमें फिटनेस , सिर्फ 3सी एम से 1.5 सी एम से कम मात्रा पाया गया अन्य जगहों पर भी, इसी तरह से लापरवाही की जा रही है कहीं पर छह कहीं पर 11 कम का नाम पाया गया निर्माण रोड में कहीं पर भी प्राक्कलन के अनुसार 5 इंच 12.5 सेंटीमीटर की रोड नहीं बनाई जा रही है जिससे मौके पर कोई भी विभागीय कर्मचारी अधिकारी जिम्मेदारी उपस्थित नहीं थे मौके पर विनय मिश्रा आए उनमें से पूछने पर कहां गया कि ठेकेदार बताएं गए गुणवत्ता के संबंध में आदेश अनुसार बनाया जा रहा है कहां है कि जैसा है विभाग ने आदेश हुआ है वैसे ही कर कराया जा रहा है उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि कि हमारे हिसाब से रोड ठीक बन रही है इन सब बातों एवं कारों की फोटोग्राफी की गई है ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार 8.10.2024 को लगभग सुबह 9:00 बजे विभाग की , इंजीनियर आए थे जिनके सामने भी ग्रामीणों ने अन्य निर्माण के संबंध में जानकारी दी इंजीनियर ने ठीक करवाने की बात कही उनके बना रहे इस पर निर्माण कर चालू था जैसे ही मिक्सर मशीन वहां पर पहुंची वहां से उपंत्री इंजीनियर चले गए उपस्थित जनों ने कहा कि जब तक व्याकरण के अनुसार रोड का निर्माण नहीं किया जाता तब तक हम रोड नहीं बनने देंगे गांव के लोगों ने उपस्थित होकर जिला पंचायत सीईओ से शिकायत की और कहां की जब तक सड़क कर सही ढंग से नहीं किया जाता एवं मापदंड के अनुसार जोड़ रोड बना है उसी के अनुसार ही रोड बनाई जाए अतः हम इसका विरोध करेंगे और निर्माण कार्य पर रोक लगाएंगे जिस पर जिला पंचायत सदस्य ओपन बढ़कर लेने आश्वासन दिया कि अधिकारियों से चर्चा कर इस संबंध में शीघ्र ही काम कराया जाएगा एवं उसमें गुणवत्ता के साथ ही निर्माण कार्य चालू होगा



## अजमीढ़ जी महाराज जयंती पर विशेष

### स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष हैं महाराजा अजमीढ़ देव जी



**मण्डला।** महाराजा अजमीढ़ जी का जन्म हुआ था। महाराजा अजमीढ़जी विकुंठन जी के जेष्ठ पुत्र और हस्ती के जेष्ठ पौत्र थे। जिन्होंने हस्तिनापुर बसाया था द्विमीढ़ एव पुरुमीढ़ दोनों अजमीढ़ जी के छोटे भाई थे अजमीढ़ जी जेष्ठ होने के कारण हस्तिनापुर राजगद्दी के उतराधिकारी हुए अजमीढ़ जी की जन्म तिथि के बारे मे किसी भी पुराण में उलेख नहीं मिलाता है तथा उनके राज्यकाल के विषय में इतिहासकारों का अनुमान है की ई.पू. 2200 से ई.पू. 2000 वर्ष में इनका राज्यकाल रहा है। महाराजा विकुंठनजी के बाद अजमीढ़ जी प्रतिष्टानपुर (प्रयाग) एव हस्तिनापुर दोनों राज्यों के सम्राट हुए। प्रारम्भ में चन्द्रवंशीयों की राजधानी प्रयाग प्रतिष्टानपुर में ही थी। हस्तिनापुर बसाये जाने के बाद प्रमुख राज्य गदी हस्तिनापुर हो गई। सुहोत्र के सुवर्णा से हस्ती हुए जिनके नाम पर पूरे प्रदेश का नाम हस्तिनापुर पड़ा। हस्ती के यशोधरा से विकुंठन हुए और विकुंठन के सुदेवा से अजमीढ़ हुए। इन तथ्यों से इस बात की जानकारी मिलती है की अजमीढ़ जी की राज्य सीमा विस्तृत क्षेत्र में फैली हुई थी। इनके छोटे भाई द्विमीढ़ से बरेली के आस पास द्विमीढ़ नामक वंश चला। पुरुमीढ़ निसंतान ही रहे ब्रम्हांड पुराण के अनुसार अजमीढ़जी मूलतः क्षत्रिय थे। पुराणो के अनुसार अजमीढ़ जी की तीन रानियाँ थी जिनका नाम नलिनी, केशनी एवं धुमिनी था। इन तीनो रानियों से अजमीढ़ जी के कई वंशोपादक पुत्र हुये। इन्होने गंगा के ऊत्तरी और एव दक्षिणी दिशा में अपने राज्य का विस्तार किया। अजमीढ़ जी का नील नामक पुत्र उत्तर पाझाल शाखा राज्य का शासक हुआ, जिसकी राजधानी अहिज्छत्रपुर थी। महाभारत के एक अध्याय में अजमीढ़जी की चार रानियों का उल्लेख मिलता है। ये कैकयी, गान्धारी, विशाला तथा रुता थी। अजमीढ़जी की चौथी पीढ़ी राजस्व नाम का राजा हुआ।

इसने सिंधु नदी के भू भाग पर अधिपत्य जमाया। इसके पांच पुत्र हुये। ये पाचों पञ्च पाच्चालिक नाम से प्रसिद्ध हुए। अजमीढ़ जी एक महा प्रतापी वंशकर राजा थे। इनके वंश में होने वाले अजमीढ़ जी वंशी कहलाये। महाभारत में वन पर्व में विदुर को अजमीढ़ वंशी कहा गया है। इसी पुराण में जहनु के वंश को भी अजमीढ़ वंशी कहा गया है ब्रम्हपुराण के अनुसार अजमीढ़ जी की तीनों पत्नियों से अजमीढ़जी वंश की तीन शाखाये बनी। केशिनी के पुत्र जहु से अजमीध वंश चला। अन्य दो रानियों नीली व धुमिनी से भी दो पृथक वंश चले जो अजमीढ़ वंशु नाम से ही प्रख्यात हुये। अजमीढ़ को धुमिनी नाम की पत्नी से ऋत नामक पुत्र हुआ। ऋत के पुत्र संवरण और संवरण के पुत्र कुरू से कौरव वंश प्रतिष्टापित हुआ। वर्तमान मेरठ जिले की मवाना तहसील के पश्चिम में गंगा और यमुना के मध्य को हस्तिनापुर कहा गया है। महाराजा हस्ती के जीवन काल की प्रमुख घटना यही मानी जाती है की उन्होंने हस्तिनापुर का निर्माण करवाया। प्राचीन समय में हस्तिनापुर ना केवल तीर्थ स्थल ही रहा है परन्तु देश का प्रमुख राजनैतिक एव सामाजिक केंद्र रहा है। कालांतर में हस्तिनापुर कौरवों की राजधानी रहा जिसके लिए प्रसिद्ध कुरुक्षेत्र युद्ध हुआ। अजमीढ़ जी निःसंदेह पौरववंश के महान सार्व भौम सम्राट थे। यद्यपि सही प्रमाणों के अभाव में पूर्ण दावा तो नहीं किया जा सकता है। किन्तु कई एतिहासिक प्रमाणों के आधार पर इस बात के संकेत मिलते है की वर्तमान अजमेर जिसका प्राचीन नाम अज्मेरू था उसके संस्थापक अजमीढ़ जी ही थे अजयराज चौहान द्वारा १२वीं शताब्दी में अजमेर की स्थापना किये जाने की मान्यता निरस्त करने के कई प्रमाण उपलब्ध है। अजयराज चौहान के अतिरिक्त कोई दूसरा दावेदार इतिहास में नहीं है। अंतः बहुत संभव है की अजमीढ़ जी द्वारा ही अजमेर की स्थापना की गई थी।अजमीढ़ जी ने अजमेर नगर बसा कर मेवाड़ की नींव डाली। महान राजा होने के कारण अजमीढ़ जी धर्म-कर्म में विश्वास रखते थे। वे सोने-चांदी के आभूषण, खिलौने व बर्तनों का निर्माण कर दान व उपहार स्वरुप सुपुत्रों को भेंट किया करते थे। वे उच्च कोटि के कलाकार थे। आभूषण बनाना उनका शौक था और यही शौक उनके बाद पीढ़ियों तक व्यवसाय के रुप में चलता आ रहा है।

### कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नावघाट में साफ-सफाई कर श्रमदान किया

## नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत नावघाट में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया





मण्डला

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने माँ नर्मदा नदी के जल को स्वच्छ व निर्मल रूप से प्रवाहित करने और तटों को साफ सुथरा रखने के लिए नमामि नर्मदे सेवा अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को सभी अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, व्यापारी, स्वयंसेवी संस्थाएं, जनप्रतिनिधि और नागरिकगण शामिल होकर नर्मदा नदी के घाटों से कूड़ा करकट हटाकर, साफ सफाई व श्रमदान करते हुए लोगों को स्वच्छता रखने की समझाईश देते हैं। जिससे कोई भी नागरिक या श्रद्धालु नर्मदा नदी में दूषित सामग्री या पूजन सामग्री को प्रवाहित न करें। नर्मदा नदी के तटों में कूड़ा करकट न डाले। नर्मदा नदी में गंदे कपड़े न धुलें और अनुपयोगी सामाग्री न डालें। नर्मदा नदी के तटों को हमेशा साफ व स्वच्छ रखें। इस अभियान के तहत लोगों को बताया जा रहा है कि कचरे को इधर उधर न फेककर कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। जिससे नर्मदा नदी के तट साफ सुथरे रहें। इस अवसर पर नावघाट में झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर कचरा एकत्रित किया गया और कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में भरकर ले जाया गया। नावघाट में पॉलीथीन, प्लास्टिक सामग्री और अन्य कचरों को हटाने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने शनिवार को नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों और नागरिकों के साथ मिलकर नर्मदा नदी के नावघाट में साफ सफाई की। उन्होने कचरा एकत्रित कर कचरे को अन्यत्र ले जाकर नष्ट करने को कहा। नर्मदा नदी के तट पर स्थित मलबे को श्रमदान कर हटाया गया। लोगों को नर्मदा नदी के तटों को साफ व स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, जिला पंचायत सदस्य व सभापति 'संचार व संकर्म' श्री शैलेष मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र सिंह, एसडीएम श्रीमती सोनल सीडाम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानंद नफाडे, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी, विकासखंड समन्वयक प्रस्फुटन समिति नवांकुर, संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने इस अभियान में शामिल होकर नावघाट की साफ सफाई की।

### राज्य स्तरीय शालेय अंडर -14 वर्ग फुटबॉल प्रतियोगता मैं सारांश व हिमांशु का चयन



**मण्डला** *शालेय खेल कलेंडर के अनुसार संभाग स्तरीय शालेय फुटबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता 08 अगस्त से 10 अगस्त तक कटनी में आयोजन किया गया था। जिसमें मंडला जिले के अंदर-14 वर्ग मैं दो खिलाड़ियों का चयन हुआ, राज्य स्तरीय शालेय फुट्बॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक खड़वा ज़िले मे आयोजित की जा रही है। जिसमें मंडला जिले के दो खिलाड़ियों का चयन 14 वर्ष बालक राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगता मैं किया गया। जानकारी के अनुसार फुटबॉल कोच पंकज उसराठे ने बताया कि के मंडला ब्रेन चाइल्ड स्कूल के छात्र सारांश मार्को व सान्याल स्कूल के छात्र हिमांशु वाटे खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगता किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बाई वरकड़े, जिला खेल अधिकारी श्री रविंद्र ठाकुर/कंधीलाल मरकाम सर, ब्रेन चाइल्ड स्कूल के प्राचार्य निशांत शुक्ला, सान्याल स्कूल के प्राचार्य संजय सान्याल, जिला फुटबॉल संघ के डॉक्टर दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, राजेश पाठक, सुनील सराफ,सत्य नारायण अग्रवाल, मतीन ख़ान, दिग्विजय सिंह, समीर बाजपेई,डॉ आकाश खत्री , सोना दुबे, अरविंद पटले, संदीप कछवाहा, त्रिलोक डोगरे, करुणा मसकोले, पी.टी.ई अभिषेक यादव, अभिषेक श्रीवास, कमलेश रजक, ब्रजमी बैरागी, सोनम कछवाहा, प्रथम चौकसे, देवेंद्र सरोते, पवन नंदा,शुभम सीधिया, मूसवी हैसन एवं नर्मदा स्पोट्र्स क्लब के समस्त सदस्य व सभी खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।*

## भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ रही हैः नरेंद्र राजपूत

### *भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित*

### *भाजपा संगठन और सरकार की नीतियों से देश प्रगति पथ की ओर अग्रसर*



**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में एक दिवसीय सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला में सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के प्रभारी श्री नरेंद्र राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा की सक्रिय सदस्यता तथा प्राथमिक सदस्यता का कार्य भारतीय जनता पार्टी की संगठन संरचना व्यवस्था है, सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण भाव के साथ कार्य किया निश्चित रूप से समाज का हर वर्ग पार्टी के साथ जुड़ना चाहता है कार्यकर्ताओं की मेहनत समर्पण के कारण ही हम लक्ष्य तक पहुंच सके उन्होंने जनता जनार्दन का भी अभिवादन किया जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री राजपूत ने कार्यशाला में सक्रिय सदस्यता की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में सदस्यता अभियान का चरणबद्ध तरीके से समय सीमा में लक्ष्य को पूरा किया गया, जिसमें सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा जनप्रतिनिधि बूथ तक के पदाधिकारी ने बढ़कर अपना योगदान दिया, यही वजह है कि जिले में बड़ी संख्या में सक्रिय सदस्यों की संख्या बढ़ी है इससे साबित होता है कि जिले में भारतीय जनता पार्टी की टीम मतदान केंद्र तक मजबूती के साथ सक्रिय होकर मिशन को पूरा करने में सतत क्रियाशील है ,उन्होंने सक्रिय सदस्यता अभियान से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि निरंतर सदस्यता अभियान में भागीदारी से सक्रिय सदस्यता में जिले का ग्राफ आगे बढ़ने वाला है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन और हमारे संगठन शिल्पियों के द्वारा जो मार्गदर्शन दिया गया है उसमें चलकर हम भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या का लक्ष्य को आगे ले जायेंगे, आज भी कार्यकर्ता निरंतर सभी वर्गो के बीच पहुंचकर संगठन विस्तार की भूमिका निभा रहे हैं,आज जिले का भाजपा कार्यकर्ता भाजपा के विचारों ओर सरकार की नीतियों को लेकर समाज के सशक्तिकरण में अपनी भूमिका निभाने में लगा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि जिले की सक्रिय सदस्यता अभियान की आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में तय किए गए कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई, इस अवसर पर सदस्यता प्रभारी उमेश ठाकुर पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कुशवाहा जिला महामंत्री भगवती श्रीधर, संतोष रजक अंजनी तिवारी सुरेंद्र दुबे सहित पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे।

# नौ दिन नौ माई दसम दिन विदाई

## आंसुओं से भरी हुई अखियों के बीच भक्तों ने जगत जननी को दी गई विदाई





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

शक्ति की अधिष्ठात्री माँ भवानी अपने भक्तों पर सदा ही आशीष की वर्षा करने तत्पर रहने वाली माँ जगत जननी दुर्गा जी के आराधना पर्व शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र के दौरान लगातार 9 दिनों तक पूर्णरूप में धर्ममय वातावरण के चलते धूमधाम के साथ मनाया गया है। इस दौरान देखा गया कि माताओं, बहिनों ने शासन के निमयों का पालन करते हुये बड़े ही उत्साह व उमंग तथा श्रद्धा के साथ माँ अम्बे की भक्ति में लीन रहते हुये इस पर्व को मनाया गया। शक्ति स्वरूपा माँ भगवती की भक्ति, उपासना के पर्व शारदेय नवरात्र पर जहां समूचा शहर बिद्युत रंग बिरंगी रोशन से जगमगता रहा और सुबह से रात तक हिन्दू धर्मावलंबी मातारानी की भक्ति, उपासना में सुध बुध खोकर लीन रहे जिसके चलते देवी मंदिरों व माँ दुर्गा के स्थापना स्थलों पर श्रद्धालुओं की जहां भीड़ उमड़ती रही। वही नगर में धार्मिक आयोजनों का अनवरत सिलसिला चलता रहा। लेकिन बीत हुये शनिवार को नवरात्र उत्सव का समापन होने से मातारानी को बिदा करने के दौरान शहरवासियों में उदासी का वातावरण छा गया और नगर में चुभने वाला सूनापन व्याप्त होने से नही चूक पाया। क्योंकि देवी प्रतिमाओं का हवन पूजन होने के बाद अनेक प्रकार की रंगी विरंगी रोशनियों से सजी हुई गलियों में सूनापन दिखाई देने लगा। इस तरह नौ दिन नौ माई दसम दिन बिदाई लो विसर्जन को चली रे मेरी माई से बिछड़ने की बेला को देखते हुए लोगों के चेहरों पर पूर्णरूप से माँ अम्बे से एक वर्ष के लिए बिछड़ने की उदासी साफ नजर आ रही थी। नौ दिन नौ माई के चलते जहां नगर की सड़को पर धूमधाम के साथ लोगों ने लगातार नौ देवीयों के दर्शन किये गये और माँ दुर्गा के आकर्षक प्रतिमा स्थलों पर हवन, पूजन, महा प्रसादी वितरण, कन्या भोज के कार्यक्रम आयोजित हुए, इसके उपरांत दसम दिन यानि की विजयादशमी के मौके पर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन की बेला आई तो नगर की सड़को पर ढोल ढमाकों के साथ विसर्जन जुलूस निकलने का सिलसिला





प्रारंभ हुआ। इन जुलूसों में भक्ति गीतों की धुनों पर दुर्गोत्सव समितियों के सदस्य, युवा, बच्चें नृत्य करते हुए चल रहे थें और चहुंओर माँ दुर्गा की जयकार के स्वर गूंज रहे थें। वही देवी प्रतिमाओं के साथ देवी स्थलों व लोगों द्वारा अपने घरों में स्थापित किये गये जबारों का विसर्जन के चलते जहां महिलाएं अपने सिरों को जबारा कलश लेकर चल रहे थी तो अनेक देवी पंडा अपने गालों में त्रिशूल आर पार करते हुए नगर की गलियों से नृत्य प्रस्तुत करते हुये चल रहे थें। जिसके चलते विसर्जन कार्यक्रम को धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। इस प्रकार से शहर में मातारानी की प्रतिमाओं के अंतिम दर्शन करने श्रद्वालु बेताब नजर आ रहे थें और भक्तों का जमावड़ा शक्कर नदी के छिडाब घाट पर नगरवासियों का हुजूम इस प्रकार से लगा हुआ था जो एक मेले के समान जान पड़ रहा था। शाम ढलने के बाद हजारों श्रद्वालु माता, बहिनों की उपस्थिति में दुर्गोत्सव समितियों की ओर से माँ दुर्गा की पूजित प्रतिमाओं का बीते हुये शनिवार को विसर्जन शक्कर नदी में नपा प्रशासन द्वारा बनाये गये विशेष विसर्जन कुंड में भक्ति भाव के साथ किया गया जो देर रात तक जारी रहा। गौरतलब है कि कल रविवार यानि की दूसरे दिन भी शारदेय नवरात्र पर स्थापित प्रतिमाओं में शेष रही नगर की प्रतिमाओं और समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की गई प्रतिमाओं का विसर्जन शक्कर नदी के कुंड में किया गया। वही देवी प्रतिमा विसर्जन को लेकर जहां पुलिस प्रशासन पूर्णरूप से चौकन्ना रहते हुए नगर में चप्पे चप्पे पर पुलिस को तैनात देखा गया। वही दूसरी ओर विसर्जन कुंड पर भी आमजन की सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था तथा तहसीलदार सहित उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक उमेश तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, प्रमोद चौहान सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों के आलवा अन्य विभाग के कर्मचारी जिनकी डियूटी लगाई गई थी वह दुर्गा विसर्जन दिवस यानि शनिवार को पूरे दिन नगर सहित क्षेत्र का भ्रमण करते हुए देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की स्थिति पर अपनी पैनी नजर रखे हुए थें। वही शक्कर नदी में प्रतिमाओं को लाने ले जाने के लिए नगर निरीक्षक द्वारा बनाई गई रूप रेखा की भी देवी समितियों द्वारा सराहना इस बात को लेकर की गई कि किसी भी समिति को किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना करने के लिए मजबूर नही होना पड़ा और वह शांति पूर्वक अपनी प्रतिमा का विसर्जन करते हुए खुशी के साथ अपने घरों को लौटे। वही दूसरी ओर नपा प्रशासन के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी देवी प्रतिमा विसर्जन को लेकर अच्छी व्यवस्थाएं बनाई गई थी जिसके चलते जहां नगर के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा विसर्जन कुंड पर मौजूद रहते हुए प्रतिमाओं का विजर्सन कराया गया। वही इस दौरान नगर पालिका प्रशासन का संपूर्ण स्टाफ द्वारा भी उनके द्वारा निर्मित कराये गये कुंड में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु ले जाने वाली समितियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखने के लिए वह सारे दिन मौजूद रहे तथा आमजन की सुविधाओं के लिए विशेष ध्यान रखे हुए थें। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, पलोहा, बारहाबड़ा, सिंहपुर छोटा, सडूमर, देवरी मिढ़वानी, खुलरी, भौरझिर, घघरौला, कोठिया, लिलवानी, कौड़िया, कल्याणपुर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में भी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया।

## खबर संक्षेप

### मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा पुलिस थाने में किश शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हमारे शास्त्रों के अनुसार विजयादशमी के मौके पर शस्त्रों के पूजन का महत्व बताया गया है। इसी के चलते जहां हर व्यक्ति इस अवसर पर अपने घरों में शस्त्रों की पूजन करते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर देश के हर पुलिस थाने में विजयादशमी के मौके पर अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा पुलिस बल को प्रदान किये गये शस्त्रों को पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन की जाती है। मगर हमारे जिले में पहलीवार देखने मिला जहां पुलिस थानों में शासन द्वारा प्रदान किये गये शस्त्रों का पूजन वहां के विधायक या फिर प्रदेश स्तर के मंत्रियों द्वारा शामिल होकर इस पावन धर्म को पूर्ण कराया गया है...। इस तरह विजयादशमी के पावन अवसर पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पुलिस थाना गाडरवारा में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की एवं परंपरा के अनुसार विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया। वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंह ने कहा कि शस्त्र पूजन एवं सम्मान हमारी प्राचीन संस्कृति का परिचायक है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में लोकमाता अहिल्याबाई की 300 वीं जन्म जयंती को इस वर्ष विजयदशमी पर्व के रूप में समर्पित किया है। शस्त्रों की पूजा हमें धर्म ,कर्म और कर्तव्यों का बोध कराती है। हमें अपने शस्त्रों की पूजा करना चाहिए और कर्तव्य एवं कर्म हमेशा करते रहना चाहिए। आज विजयदशमी के पर्व पर हम सभी अपने शस्त्रों, वाहनों की पूजा करते हैं। इससे हमें अपने कर्मों एवं कर्तव्यों का बोध होता है। यह हमारे देश की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। सभी प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, पूर्व विधायक श्री नरेश पाठक, श्रीमती साधना स्थापक, नगरपालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी गाडरवारा रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी उमेश तिवारी सहित थाने में पदस्थ पुलिस बल एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### राजपूत महासभा द्वारा किया गया रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर के पुराने कॉलेज ग्राउंड भगवान राम के हाथों बुराई का प्रतीक रावण धू धू कर जल गया। उक्त आयोजन राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रकार से आयोजित हुये कार्यक्रम में रावण दहन के पूर्व सुंदर कांड रामायण पाठ सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन सहित शस्त्रों का पूजन उपरांत रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। वही राजपूत समाज द्वारा कार्यक्रम में पधारे हुये जनमानस को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। वही कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत राजपूत बेटियों द्वारा पौराणिक, ऐतिहासिक व धार्मिक एवं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रभक्ति से युक्त नृत्य नाटिकाओं पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वैसे तो देखा जावे आयोजन समिति द्वारा रावण दहन करने का कार्यक्रम 10 बजे रात निर्धारित किया गया था। इस तरह नगर के पुराने कालेज मैदान पर 51 फिट के रावन का दहन होने से वही धू धूकर चलते हुये दिखाई पड़ा।

### नीलकंठ के दर्शनों के लिये उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नीलकंठ पक्षी को धार्मिक ग्रंथों में भगवान विशेष वाहन माना जाता है और कहा जाता है कि विजय दशमी के दिन यानि दशहरा के दिन किसी व्यक्ति को यदि इस नीलकंड पक्षी के दर्शन हो जाते है तो शुभ माना जाता है। इसी के चलते हर वर्ष देखा जाता है कि दशहरा पर्व के दिवस नगर के लोग शहर के बार खेतों वाले क्षेत्र में एकत्र होकर नीलकंठ के दर्शनों के लिये हुजूम उमड़ते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये शनिवार दशहरा पर्व के दौरान भी नगर के बाहर मुख्य सड़कों पर जहां लोगों का हुजूम लगा हुआ देखा गया तो कुछ लोग नीलकंठ को बुलाने के लिये आग जलाकर धुंआ करते हुये भी देखे गये।

## विभिन्न शक्तिपीठों में कन्या पूजन कर दिया बेटी शिक्षा व सम्मान का संदेश, जीवंत देवी प्रतिमा का स्वरूप है बेटियां - बसेड़िया



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नवरात्रि में माँ दुर्गा की आराधना अनेक प्रकार से की जाती है, चारों तरफ मैया के पंडालों में सुंदर देवी प्रतिमा, जस ,महाआरती,गरबा कर मॉ की सेवा की जाती है वही समाज सेवा में अपनी अलग पहचान बनाने वाले समाजसेवी मुकेश बसेडिया ने नवरात्रि में विभिन्न शक्ति पीठो ,देवी पंडालों, नर्मदा तटो व गांव में नवरात्रि लगभग 2100 देवी स्वरूपा बेटियों से अधिक के पद पखारकर उन्हें वस्त्र, श्रृंगार सहित अन्य प्रकार की सामग्री प्रदान कर उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया तथा शक्ति पीठो व पंडालों से युवाओं व भक्तजनो से केवल नवरात्रि ही नही अपितु सदैव ही बेटियों की सुरक्षा , सम्मान व आदर भाव रखने की अपील की गई। वही बसेड़िया ने बेटियों के सम्मान व शिक्षा की पावन यात्रा नवरात्रि के एक दिन पूर्व माँ रेवा के ककराघाट से संकल्प लेकर नवरात्रि काल मे विभिन्न शक्तिपीठ व सिद्धपीठ माँ विजयासन धाम सलकनपुर, तुलजा भवानी ,चामुंडा धाम देवास , हरिसिद्धि माता उज्जैन, भगवान महाकाल प्रांगण उज्जैन, पाण्डव युगीन बगुलामुखी शक्तिपीठ नलखेड़ा मालवा,गढ़कालिका धाम उज्जैन, बैजनाथ धाम आगर, सिद्ध पीठ पुरैना रंधीर आदि देवी स्थानों के साथ साथ अपनी यात्रा के दौरान मिलने वाली बेटियों के पद पखारकर उन्हें विभिन्न उपहार भेंट किये तथा बेटियाँ ही जीवन्त देवी स्वरूप है इसका पावन सन्देश भी दिया। इसके आलवा उन्होंने सिद्धपीठ मॉ विजयासन धाम पुरैना रंधीर में अपने ग्राम व आसपास की बेटियों के पद पखारकर विभिन्न उपहारों के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली बेटियों को भी विशेष उपहार भेंट कर सम्मानित किया सिद्धपीठ पुरैना रणधीर में महाअष्टमी महोत्सव व चैत्र महोत्सव विगत 23 वर्षों से पूज्य गुरुदेव पँ भगवत प्रसाद शास्त्री के पावन सानिध्य में स्वजनों के साथ अनवरत चल रहा है जहाँ पर कन्या पूजन के साथ महानिशा पूजन, अर्चन,भंडारा ,तथा दिव्य हवन कर जन कल्याण व सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना की जाती है उपरोक्त आयोजन में सुरेश बसेड़िया, अखिलेश बसेड़िया, प्रिंन्स, अटल, तनुश्री, सौम्या के साथ माँ विजयासन इंस्टिट्यूट की बेटियों का विशेष योगदान रहा।

## सालीचौका क्षेत्र में घटित हुई गौहत्या की घटना को लेकर लगातार फैल रहा है आक्रोश, नगर बंद रखते हुये विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, गाडरवारा में बजरंग दल सहित हिन्दू संगठनों ने विरोध करते हुये घटना की गई चिंता व्यक्त..

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। क्षेत्र में जिस तरह की शांतिप्रिय परम्परा देखने मिलती थी कि सभी धर्मो के त्यौहार जहां मिल जुलकर व धूमधाम से मनाये जाते थें। जिसके चलते आज भी सालीचौका ही नही बल्कि संपूर्ण गाडरवारा तहसील क्षेत्र की लोगों द्वारा अन्य दूसरे जिलों में चर्चा की जाती है। मगर कुछ तत्वों द्वारा इस तरह घटनाओं अंजाम देना शुरू किया गया है वह निश्चित तौर से चिंता जनक होने के साथ साथ क्षेत्र की शांति प्रिय माने जाने वाली परम्परा को ग्रहण लगने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर यदि सालीचौका क्षेत्र में कानून व्यवस्था की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो अनैतिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले तत्वों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि मानों उन्हें कानून के रखवारों की दहशत ही नही रह गई है। इसी का परिणाम है कि अवैधानिक कृत्यों को अंजाम वालों द्वारा कानून के रखबारों की लक्ष्मी के माध्यम किये जाने वाले अभिषेख का परिणाम है कि सालीचौका क्षेत्र में अब आसामाजिक तत्वों का बोलबाला होते चला जा रहा है और आये दिन नये नये किस्म की अपराधिक घटनाये सामने आते हुये देखी जाने लगी है..? बीते हुये दिनों सालीचौका पुलिस चौकी क्षेत्र में घटित हुई एक घनौनी घटना ने निश्चित तौर से सिर्फ सालीचौका ही नही बल्कि संपूर्ण जिले व प्रदेश में सनसनी का महौल निर्मित कर दिया गया है और क्षेत्र के लोगों के इतिहास में इस तरह की घटना पहली बार देखने मिलने के कारण लोगों में आक्रोश का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा है? घटना के संबंध में बताया जाता है कि जब सभी लोग विजयादशमी पर्व के साथ माँ दुर्गा की आराधना में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में लीन





दिखाई दे रहे थें तो उसी दौरान सालीचौका के बाबई खुर्द मार्ग पर जब एक गन्ने के खेत से कुछ बदबू महसूस किये जाने पर देखा गया तो एक बोरी में गौमाता का सिर तथा उसके आस पास पैर सहित अन्य अंग कटे पड़े हुये थें। यह सच्चाई संपूर्ण क्षेत्र में आग की भांति फैलने से नही चूक पाई थी। क्योंकि जहां लोगों द्वारा बीते हुये नो दिनों तक मातारानी की आराधना करते हुये जहां पूजन करने के साथ जिस गौ माता को घर में बनने वाली पहली रोटी खिलाते हुये आराधना की गई हो और वही गौ माता को जब लोग इस तरह की छत विछत हालत में देखेगा तो निश्चित तौर से आक्रोश आना आम बात हो जाती है..? इस तरह घटना हुई घटना की खबर मिलते ही तुरंत पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर सच्चाई को देखा तो दूसरी ओर घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र होने से नही चूक पा रही थी। वही दूसरी ओर घटना स्थल




पर जिस तरह गौमाता का शरीर जिस हाल में पड़ा हुआ दिखाई दे रहा था उससे यह बात प्रतीत होने से नही चूक रही थी कि निश्चित तौर से किसी ने गौवंश की हत्या करते हुये उसे यहां पर फैका गया है..? नवरात्र के बाद विजयादशमी के मौके पर घटित हुई इस तरह की घटना को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित होने के साथ सालीचौका व्यापारी संगठन द्वारा इस घटना को विरोध प्रदर्शन करते हुये रविवार को नगर बंद रखने का ऐलान किये जाने के कारण जहां आधे दिन तक पूरा सालीचौका नगर बंद रहा तो दूसरी ओर लोगों द्वारा एकत्र होकर घटना विरोध करते हुये राधाकृष्ण मंदिर से क्षेत्र के युवा नेता व व्यापारी जितेन्द्र राय के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुये पुलिस चौकी पहुंचे और घटना पर रोष प्रकट करते हुये वहां पर मौजूद उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा को ज्ञापन सौपते हुये मांग की गई कि इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरप्तार किया जावे। वही दूसरी ओर इस घटना का गाडरवारा में भी बजरंग दल सहित विश्व हिन्दू संगठन सहित अन्य संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुये ज्ञापन सौपकर शीघ्र ही कार्यवाही की मांग की गई। वही घटना के संबंध में सालीचौका क्षेत्र के युवा व समाज सेवी जितेन्द्र राय का कहना है कि जब हम लोग मातारानी की आराधना लीन होकर विजय दशमी पूर्व मना रहे थें उसी दौरान सालीचौका क्षेत्र में इस तरह की घटना घटित होना निश्चित तौर से निंदनीय है। क्योंकि घटना स्थल की सच्चाई अपने आप ही बता रही है कि किसी ने गौवंश की हत्या करते हुये उसे फैका गया है। इस तरह की घटना को अंजाम देने वालों पर सख्त कार्यवाही की जरूरत है। यदि ऐसा नही हुआ तो इन लोगों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पायेगे। वही दूसरी ओर इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि निश्चित तौर से सालीचौका क्षेत्र शांति प्रिय माना जाता है। क्षेत्र में इस तरह की घटना घटित होना निंदनीय व चिंता जनक है। घटना की जानकारी मिलते ही मैं खुद व गाडरवारा टीआई उमेश तिवारी ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये जांच की जा रही है। वही दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन में हमारे द्वारा घटना को अंजाम देने वाले तत्वों का पता लगाने के लिये अलग अलग टीमों का गठन किया गया है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मिश्रा द्वारा ज्ञापन देने के लिये पहुंचे हुये लोगों को भरोसा दिलाते हुये कही कि शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ते हुये सख्त कार्यवाही की जावेगी।

## कलेक्टर की मौजूदगी में ग्राम जमाड़ा में आयोजित हुआ जन चौपाल, ग्रामीणों की समस्याये सुनने के बाद निराकरण के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की मौजूदगी में बीते हुये दिवस जनपद पंचायत सांईखेड़ा के ग्राम पंचायत जमाड़ा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस चौपाल में मौजूद ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपनी- अपनी समस्यायें बताई, जिसके निराकरण के लिए कलेक्टर ने समय- सीमा में समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें यहां के ग्रामीणों की स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। जमाड़ा में आयोजित होने वाली यह 5 वीं जनचौपाल थी। इसके पूर्व कलेक्टर की मौजूदगी में जन चौपाल दिलहेरी (ग्वारी), ग्राम पंचायत मुर्गाखेड़ा, करेली, ग्राम पंचायत चांवरपाठा में आयोजित हुई हैं। ग्रामीणों से हुये संवाद में बताया गया कि गांव की सड़क बहुत खराब है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी ने बताया कि गाडरवारा से बारहाबड़ा तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके बन जाने से 12 महीने आसानी से लोग आवागमन कर पायेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि यहां बच्चों के लिए आंगनबाड़ी भवन की भी जरूरत है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि ग्रामसभा में मिनी आंगनबाड़ी का प्रस्ताव लायें। नल- जल योजना के संचालन के संबंध में कलेक्टर ने यहां



मौजूद ग्रामवासियों से घर- घर जल पहुंचने की जानकारी लेने के साथ उन्होंने पूछा कि आप लोगों को अब पानी के लिए परेशान तो नहीं होना पड़ता है। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि अब जल जीवन मिशन की इस योजना से हमें दूर जाकर पानी नहीं लाना पड़ता है। इससे हमारे समय की काफी बचत हुई है। कलेक्टर ने कहा कि पानी का संरक्षण करें। अनावश्यक पानी नल से नहीं बहने दें। समय पर जल कर का भुगतान करें, जिससे योजना का क्रियान्वयन व संचालन नियमित रूप से जारी रहे। कुछ युवाओं ने बताया कि उन्हें अपना स्वयं का व्यवसाय करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सकें। कलेक्टर ने उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में बताया। इस दौरान कलेक्टर ने किया शासकीय माध्यमिक स्कूल जमाड़ा का निरीक्षण करते हुये छात्र-छात्राओं से किया संवाद प्रश्न भी पूछे गये। जनचौपाल के पश्चात कलेक्टर श्रीमती पटले ने शासकीय माध्यमिक स्कूल जमाड़ा का औचक निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनसे प्रश्न भी पूछे गये, जिसके कक्षा 6 वीं के विद्यार्थियों से अंग्रेजी में संवाद किया तो, पाया कि उनका भाषा ज्ञान अच्छा है। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पूछा कि आप क्या बनना चाहते हैं, तो कई विद्यार्थियों ने आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक बनने की बात कही। कलेक्टर ने छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के टिप्स दिने के साथ उन्होंने छात्र- छात्राओं को इंग्लिश, गणित सहित अन्य विषयों पर जरूरी जानकारी दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से सवाल किये, तो बच्चों ने भी कलेक्टर के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। उन्होंने कहा जब तक कोई विषय का टॉपिक समझ में नहीं आए तब तक आगे नहीं बढ़ें। सवाल करें और कॉन्सेप्ट को समझें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जीवन में सफलता पाने के लिए गति के साथ सही दिशा भी आवश्यक है। बच्चों को सही दिशा के लिए अपनी पसंद का करियर चुनना आवश्यक है। इस दौरान एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, सीईओ जनपद पंचायत, सरपंच, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### शहपुरा पुलिस थाना में विधि-विधान के साथ किया गया शस्त्र पूजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** विजयादशमी पर्व के पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहपुरा पुलिस थाना में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया गया। शहपुरा थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम, एसडीओपी मुकेश अबिंद्रा, ने मां काली के सामने कुम्हड़े की प्रतीकात्मक बलि दी। मंत्रोउच्चार के साथ हवन के साथ विधिवत शस्त्र पूजन का समापन किया गया। समस्त शासकीय वाहनों का अधिकारी कर्मचारी द्वारा पुष्प वर्षा कर पूजन किया गया। शस्त्र पूजन में पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### नम आंखों से भक्तों ने मां आदि शक्ति को दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** विजयादशमी के मौके पर भक्तों ने नम आंखों के साथ मां आदि शक्ति को विदा किया। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों के अनुष्ठान के बाद शनिवार को जब माता के विदाई की बेला आई, तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों के अश्रुपूरित आंखें स्पष्ट बता रही थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने काफी मायूसी के साथ माता को विदा किया। वहीं विजयादशमी उत्सव को लेकर शहपुरा मानिकपुर में मां की अंतिम विदाई के दौरान उमड़ पड़ा। अश्रुपूरित भक्तों की आंखे अंतिम विदाई के दौरान माता से सुख-समृद्धि और निरोग रहने की कामना की गई है। स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी गई प्रतिमा विसर्जन के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पुलिस लाईन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**



विजयादशमी पर्व के अवसर पर पुलिस लाईन में कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, विधायक डिंडौरी ओमकार सिंह मरकाम, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला भाजपा अध्यक्ष अवधराज बिलैया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया गया। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने मां काली के सामने कुम्हड़े की प्रतीकात्मक बलि दी। सभी ने पुलिस लाइन रक्षित केंद्र का भ्रमण कर वाहनों पर पुष्प वर्षा कर पूजन किया। शस्त्र पूजन में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, एसडीओपी श्री केके त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डायल 100 ने युवक को मारी टक्कर


**जैतहरी।** जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खूंटाटोला तिराहा में डायल 100 नंबर पुलिस वाहन के तेज रफ्तार से युवक हेमराज गोड पिता समय लाल गोड उम्र 45 वर्ष निवासी राघोपुर जैतपुर शहडोल को टक्कर मारकर भाग गया जिस पर गंभीर चोट देखकर स्थानीय लोगों के रोड पर जाम लगा दिया गया था और मांग करने लगे कि डायल 100 की ड्राइवर आदित्य एवं ओम प्रकाश कोतवाली पुलिस अनूपपुर को तुरंत निलंबित किया जाए इसके बाद सूचना जैतहरी पुलिस को मिली तो तुरंत घटनास्थल खूंटा टोला में पहुंचकर थाना प्रभारी जैतहरी आरके धारिया गंभीर युवक को उपचार के लिए जैतहरी अस्पताल भेज कर एवं समझौता कराकर जाम को हटवाया गया। थाना प्रभारी द्वारा कहा गया कि ड्राइवर एवं जो भी उसमें सुरक्षाकर्मी मौजूद था उनके ऊपर एफआईआर की जायेगी। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि जैतहरी में कार्यरत पुलिसकर्मी विक्रम सिंह एवं उनके सहयोगी के सामने ही 100 नंबर वहां युवक को टक्कर मार कर भाग गया।

# ग्रामीणों की बुनियादी विकास के नाम पर अपना विकास कर रहे जिम्मेदार

## ग्रेवल सड़क एवं पुलिया 30 लाख रुपये खर्च के बाद भी चंद महीनों में जर्जर हुई सड़क व पुलिया





**- डिंडौरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनोता में ग्रेवल सड़क का घटिया निर्माण**

**- प्राक्कलन में निर्धारित मापदंड को दरकिनार कर कराया निर्माण, एसडीओ, उपयंत्री के भूमिका पर खडे हो रहें सवाल**

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**

सत्ता शासन बैठे बड़े नेता और जिम्मेदार अधिकारी भले ही बड़े बड़े मंचों से ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी विकास करने का दावा करते हुए भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉरलेंस की दुहाई देते हैं, लेकिन नेता, मंत्री और अधिकारियों के दावे महज मंचों तक ही सिमटते हुए नजर आ रही हैं, जिसके अनेको उदाहरण जिला मुख्यालय से लेकर अंतिम छोर तक में बसे गांवो में देखा जा सकता हैं, जिले में अब गुणवत्ता कायम रखने वाले तमाम उपयंत्री स्वयं ठेकेदारी करने पर उतर आए हैं, जिसके चलते निर्माण कार्य के नाम पर महज खानापूर्ति करते हुए सप्लायरों को मोहरा बना मोटी कमाई कर रहे है, कमीशन के सिस्टम में सेट जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए तमाशबीन बने हुए हैं, जिसके चलते बैखौफ होकर फर्जीवाड़ा कर धांधली करने का खेल सतत रूप से जारी हैं। जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम पंचायत हिनोता में रोजगार गारंटी योजना के तहत अप्रोच रोड़ निर्माण कार्य जबलपुर रोड से बनवासी टोला तक एवं पुलिया निर्माण हेतु दिनाँक 23/12/2023 को करीब 30 लाख रु स्वीकृति किया गया था, जिसमें मटेरियल के नाम पर सप्लायरों को 20 लाख रु का भुगतान एकमुश्त कर दिया गया है, वही मजदूरी में भी व्यय किया गया है। मामले की उच्च स्तर पर शिकायत होने पर जिम्मेदारो ने रातोरात डस्ट गिट्टी बिछाकर घटिया निर्माण कार्य में पर्दा डालने की कोशिश की लेकिन बुनियादी स्तर पर तकनीकी मापदंडो को दरकिनार करने का मामला आखिरकार सामने आ ही गया... सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपयंत्री कमलेश धूमकेती मुखोटा सप्लायरों को आगे कर स्वयं ठेकेदारी करते हुए सड़क निर्माण कराया है, कम समय में अधिक कमाई करने की मंशा के चलते निर्माण के नाम पर महज 40 एमएम कंस्ट्रक्शन एग्रीगेट बिछाकर 30 लाख रुपये आहरित कर लिया गया, इस सबंध में जब ग्रामवसीयो से बात की गई तो बताया गया कि सरपंच के रिश्तेदार के कहने पर किसी ठेकेदार से काम कराया गया है जिसमे ना तो रोलर का उपयोग किया गया ना ही अन्य मापदंड का। उक्त मामले की शिकायत अधिवक्ता सम्यक जैन ने अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यान्त्रकीय सेवा विभाग से कर कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने शिकायत किया है वही माँग की है की उक्त कार्य में संलिप्त अधिकारी कर्मचारी की कार्य की वास्तविकता के अनुसार ट्रेनिंग कराई जाए वही जाँच समिति गटित कर जाँच कराई जाये और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। एसडीओ एवं उपयंत्री पर आरोप है कि अनियमितता कर लगभग 21 लाख रुपये ग्रेवल सड़क निर्माण के नाम पर आहरण कर लिए है, क्षेत्रीय लोगो ने इसकी सूचना अधिवक्ता सम्यक जैन को दी जिसके बाद अधिवक्ता ने पत्र के माध्यम से उक्त संबंध में अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्री को अवगत कराया है।


# निर्माण कार्य की तस्वीरें बयां कर रही भ्रष्टाचार की कहानी, शासन को लगाया पलीता

**सहायक यंत्री और उपयंत्री भ्रष्टाचार की जांच करने में कर रहे परहेज या छूट रहा पसीना, अधिकारियों के द्वारा जारी जांच पत्र को दिखा रहे ठेंगा**

**उपयंत्री विजय मर्सकोले ने कहारू- गुणवत्ताहीन कराया गया पुलिया निर्माण**

**जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर मामला**

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**



जनपद पंचायत समनापुर क्षेत्र के आने वाले ग्राम पंचायतों में इन दिनों सरपंच, सचिव , सहायक यंत्री और उपयंत्री अपने काले कारनामों के लिए खबरों में सुर्खियां बटोर रहे है। गौरतलब यह है कि जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत कंचनपुर में पुलिया निर्माण में बरती गई हैं,अनियमित्ता को लेकर समाचार पत्रों में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, जिस पर मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर के निर्देश पर जनपद पंचायत सीईओ के द्वारा विगत दिनांक 26ध09ध24 को सहायक यंत्री कशिश नायक और उपयंत्री विजय मर्सकोले को सयुंक्त रूप से जांच कर 03 दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

### सहायक यंत्री और उपयंत्री जांच पत्र को दिखा रहे ठेंगा

बता दें कि ग्राम पंचायत कंचनपुर में पुलिया निर्माण में बरती गई अनियमित्ता की जांच कराने को लेकर जनपद सीईओ के द्वारा जांच टीम गठित किए हुए 20 दिन बीत चुका है,जबकि जांच टीम को मामले की जांच कर 03 दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद जिम्मेदार सहायक यंत्री कशिश नायक और उपयंत्री विजय मर्सकोले कुंभकारण की नींद सो रहे है। इनके द्वारा पुलिया निर्माण में हुई अनियमित्ता की आज दिनांक तक जांच नहीं किया गया है। अखिर कब तक उच्चधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार के मामले में कारण बताओं नोटिस और जांच टीम कर मामले की जांच करने का खेल चलता रहेगा....? सरपंच,सचिव को न तो कार्रवाई का डर है न ही उच्चधिकारियों को निर्माण कार्यों में हो रह भ्रष्टाचार की जांच करने की चिंता है।

### ये रहा पूरा मामला

मामला जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत कंचनपुर का है। जहां ग्राम पंचायत के सरपंच जानकी बाई और सचिव दान सिंह यादव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024ध2025 में मनरेगा योजना के तहत लगभग 07 लाख रू.की लागत से पुलिया निर्माण स्कूल के पीछे तालाब के पास कराया गया है। बता दें कि निर्माण के चंद महीनों में ही पुलिया खोखली हो गई है,जिसे वीडियोध्फोटो में साफ देखा जा सकता है कि पानी पाईप से बहने के बजाय पाईप के नीचे से बह रही है, जिसकी वजह से आने वाले कुछ दिनों में ही पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त को होकर धराशाई होने की संभावना है और इस तरह शासन की लाखों रुपए पानी में बह जाएगी। शासन के द्वारा ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सूचना पटल लगाने के निर्देश दिये गये है,लेकिन यहां पर जिम्मेदार शासन के नियम कायदों को ठेंगा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। बता दें कि ग्राम पंचायत कंचनपुर के सरपंचक - सचिव के द्वारा लाखों रुपए की लागत से पुलिया निर्माण कराया गया है,लेकिन निर्माण के चार माह बीत जाने के बाद भी सूचना पटल नहीं लगाया गया है। जिससे ग्रामीणों साहित अन्य लोगों को लागत, मद और कई क जानकारी नहीं मिल रही है।

### इनका कहना है

जांच टीम के द्वारा जांच प्रतिवेदन अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है।

**सीपी साकेत, सीईओ समनापुर**

कुछ दिनों पहले जनपद सीईओ के साथ पुलिया देखने गए थे तो देखा कि नवनिर्मित पुलिया के पाईप के नीचे से पानी बह रही थी और एप्रोन दोनों तरफ नहीं बनाया गया है, उन्होने कहा कि पुलिया का पूरा तरह घटिया निर्माण कराया गया है। सहायक यंत्री के साथ जांच करने नहीं गए है।

**उपयंत्री, विजय मर्सकोले, जनपद पंचायत समनापुर**



# विसर्जन एवं भंडारा में फैले कचरे को मैया अभियान के सदस्यों ने किया साफ

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** प्रत्येक रविवार माँ रेवा स्वच्छता कार्यक्रम ष्मैया अभियानष आयोजित किया जाता है। पूर्णतः स्वैच्छिक यह कार्यक्रम लगभग दो वर्षों से सतत जारी है , इसमें विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारी, डिंडोरी निवासी एवं नगर परिषद के कर्मचारी शामिल होते हैं । शनिवार रात्रि दशहरा पर्व में बढ़ी संख्या में मूर्ति विसर्जन एवं भंडारा के कारण पुल समीप शंकर घाट विसर्जन कुंड के समीप एकत्रित दौना पत्तल ,प्लास्टिक पन्नियों ,काँच की बोतलों एवं विसर्जन सामग्रियों को घाट से उठाकर कचरा गाड़ियों में एकत्रित किया गया । मैया अभियान के सदस्यों ने शंकर घाट की झाड़ू लगाकर सफाई की। रविवार प्रातः 7 बजे से आयोजित मैया अभियान स्वच्छता कार्यक्रम के तहत एक टैक्टर कचरा निकाला गया। मैया अभियान के सभी सदस्यों ने डिंडोरी नगर वासियो से अपील की है कि माँ नर्मदा की निर्मल धार को बनाये रखने के लिए समय निकालकर मैया अभियान में अपनी सहभागिता जरूर देवे। रविवार को आयोजित मैया अभियान स्वच्छता कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र आर पी कुशवाहा , जिला आयुष अधिकारी डॉ संतोष परस्ते , उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी शिक्षक जितेंद्र दीक्षित, उच्च माध्यमिक शिक्षक शाहिद खान, प्राचार्य राम विशाल मिथलेश, रक्त देवदूत परिवार भागवत यादव ,यथार्थ यादव ,दिव्या भारती परस्ते ,संतोष परमार , अवध गोहिया, महेंद्र उचेहरा , संस्कार झारिया, चंचल गोहिया ने श्रम कर स्वछता का संदेश दिया।

## जैविक खेती के प्रायोगिक प्रशिक्षण व नवाचार के लिए किसानों को कर रहे जागरूक

### नर्मदांचल गौ सेवा समिति केन्द्र ढोंढ़ा में ओरई डिण्डौरी के युवा किसानों ने किया विजिट



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** जैविक खेती देखने का मन करे तो चले जिला डिण्डोरी और मिले जिला डिण्डोरी के जाने-माने बहुचर्चित ऑर्गेनिक फार्मिंग एक्सपर्ट श्री बिहारी लाल साहू से जो कि विगत 8 वर्षो से जैविक खेती कर रहे है। स्वंय जैविक खेती करने के साथ-साथ ग्रामीण किसान बंधुओ को जैविक खेती करने के लिए लगातार प्रशिक्षित कर रहे है बात यही नहीं रुकती किसान बंधुओ के साथ महाविद्यालय, विद्यालय, सरकारी संस्थान, एनजीओ ऐसे अनेको मंच के माध्यम से जिला डिण्डोरी सहित विभिन्न जिला में जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का अमूल्य कार्य कर रहे है। इसके साथ-साथ अपने फार्म हाउस में जैविक खेती का लाइव डेमो भी दिखाते है। बिहारी लाल जी जिला डिण्डोरी के लिए शान व गौरव है उनके इस पूनीत कार्य के कारण राज्य स्तरीय जैविक, राष्ट्रीय स्तर में जैविक खेती में पुरस्कार मिल चुका है यही नही जवाहर लाल कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर सहित अनेक संस्थानों ने बिहारी लाल जी को पुरस्कार दे चुकी है । हाल ही में जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल ने युवा किसान ग्राम ओरई विकासखण्ड डिण्डौरी के गंगासागर नंदेहा, रामभजन नंदेहा को नर्मदांचल गौ सेवा केन्द्र ढोंढ़ा में संचालित जैविक फार्म हाउस का विजिट करवाया साथ ही केंचुआ खाद, जीवामृत, बीजोपचार,नील हरित शैवाल,एजोला,अग्नि अस्त्र, वर्मी वाश व केंचुआ का खेती में क्या अहम योगदान है,तथा मृदा परीक्षण का भी विस्तार से जानकारी दिए। इस कार्यक्रम गंगासागर नंदेहा देखा समझा और साथ ही एक किलो केंचुआ भी लिया,नंदेहा ने बताया कि मे सब्जी की खेती करता हूँ,और मुझे जैविक खाद सीखने का मौका मिला बहुत अच्छा रहा। रामभजन नंदेहा, जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू आदि उपस्थित रहे।

# नारायणी महिला संगठन द्वारा गरबा महोत्सव किया गया आयोजित

## मुख्य अतिथि आई.ए.एस. ऐश्वर्य वर्मा एसडीएम शहपुरा ने किया उत्साहवर्धन

**- 300 पंजीकृत प्रतिभागियों ने किया गरबा**

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।**



शहपुरा शक्ति की आराधना का महापर्व नवरात्रि के शुभ अवसर पर नारायणी महिला संगठन शहपुरा के तत्वाधान में दो दिवसीय वृहद स्तरीय गरबा महोत्सव का आयोजन रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में हर्ष से संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है की मुख्य अतिथि आईएएस ऐश्वर्य वर्मा एसडीएम शहपुरा गरबा महोत्सव में पहुंचकर सभी का उत्साह वर्धन किया। दो दिवसीय गरबा महोत्सव के प्रथम दिवस फ्यूजन गरबा कुशल प्रशिक्षको के माध्यम से कराया गया द्वितीय दिवस प्रतियोगी गरबा में 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें नन्ही मुन्नी बालिकाएं माताएं बहने किशोरियों ने धार्मिक देवी गीतों पर गरबा डांडिया की सुंदर प्रस्तुति दी। छः प्रतिभागियों प्रथम आस्था सोनी द्वितीय श्रुति अग्रवाल तृतीय आरजू गोस्वामी चतुर्थ देवांशी कारपेंटर पंचम आद्या अग्रवाल षष्ठम पूजा यादव को प्राइज मनी से पुरस्कृत किया गया एवं बाल वर्ग के सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट से सम्मानित किया गया समस्त अतिथियों एवं सहयोगियों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। गरबा महोत्सव के मुख्य अतिथि एसडीएम ऐश्वर्या वर्मा ने सभी का उत्साह वर्धन करते हुए कहा एक साथ एक स्थान पर 300 प्रतिभागी बालिकाओं महिलाओ माता बहिनों का इतनी सुरक्षा एवं स्वस्थ वातावरण में सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित करना एक अच्छी सांस्कृतिक पहल तो है ही इसके साथ ही नारी सशक्तिकरण एवं सामुदायिक सहभागिता का भी बहुत अच्छा उदाहरण है नारायणी महिला संगठन के द्वारा यह किया गया यह प्रशंसनीय है इनका उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने का भी है तो महिला सशक्तिकरण हेतु शासन प्रशासन की ओर से भी संभव मदद की जावेगी।ऐसे आयोजन से बेटियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है और निर्भय नारी का संकल्प पूरा होता है। हम सभी इतने स्वस्थ्य मनोरंजन के साथ उत्सव की महोत्सव की तरह मना रहे है यह बहुत प्रसंशनीय है।

### गरबा महोत्सव के सफल पर ज्ञापित किया धन्यवाद

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आर एस गुरुदेव नगर निरीक्षक श्री शिवलाल मरकाम श्रीमती शालिनी अरुण अग्रवाल नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती उषा गुलवानी श्रीमती अनीता अग्रवाल श्रीमती रेखा गौलिया रही कार्यक्रम को सफल बनाने में नारायण महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती रानी गुप्ता एवं सदस्य श्रीमती उषा गुलवानी अनीता अग्रवाल रेखा गौलिया बबीता सोनी शालिनी अग्रवाल प्रीति श्रीवास्तव तृप्ति सिन्हा राशि साहू रितु साहू रत्ना सोनी अभिलाषा सोनी सुषमा गुप्ता ज्योति सोनी नीरज अग्रवाल शोभा गुप्ता अनामिका गुप्ता पूजा गुप्ता मंजू राय माधवी अग्रवाल मोहिनी अवधिया पिंकी सोनी किरण गुप्ता राधिका गुप्ता रानू गोलदार अनीता अग्रवाल सुशीला साहू स्वाति सोनी उषा अग्रवाल मंजू सोनी एवं प्रशिक्षक हरदा एडीसी के अभिराज राजा एवं अश्विनी रहे सहयोगी कार्यक्रम का संचालन डॉ खुशबू गुलवानी एवं शिक्षक अश्विनी कुमार साहू ने किया

## सर्पदंश व मोटर साइकिल ट्रैक्टर की टक्कर से दो की मौत

**अनूपपुर।** जिला चिकित्सालय अनूपपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत की सूचना पर अस्पताल पुलिस जांच कर रही है जिस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के जैतपुर थाना अंतर्गत आमली दमक गांव के 42 वर्षीय पौलुष एक्का पिता मुगुल एक्का जो विगत दिनों अपने घर में जमीन पर सोया था, अचानक अत्यंत जहरीले डंडा करायल प्रजाति के सांप ने ऊंगली में काट दिया जिसकी जानकारी मृतक ने स्वयं दूसरे कमरे में सो रही अपनी पत्नी को बताते हुए खोजबीन दौरान घर के दरवाजे के पास बैठे डंडाकरायल सांप को लाठी से मार कर मरीज को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर भर्ती कराया गया जहां उपचार दौरान मृत्यु हो गई। वहीं दोपहर जैतहरी नगर अग्रसेन तिराहा के पास अपने ग्रह ग्राम गोरसी से क्योटार गाव एक कार्यक्रम में जा रहे 48 वर्षीय ललन राठौर पिता मिलन राठौर की मोटरसाइकिल पर ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल ललन राठौर की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी से गंभीर स्थिति में उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुचने के पूर्व ही मौत हो गई। दोनों घटनाओं की सूचना ड्यूटी डॉक्टर द्वारा किए जाने पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा दोनों मृतको के शवो का परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पी,एम,कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपते हुए प्रारंभिक जांच कर घटना की एग्री जांच हेतु संबंधित थानो को सूचित किया है।

**खबर संक्षेप**

### कव्वालियों का मुकाबला 16 को

**नरसिंहपुर।** हजरत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जीलानी का 79 वां सालाना उर्स, शाहे-जीशान 15,16,17 अक्टूबर 2024 तक करबला में आयोजित है उक्ताशय की जानकारी कमेटी के सदस्य इलियास ने देते हुए बताया कि 15 अक्टूबर में शाही संदल व चादर शरीफ नया बाजार नरसिंहपुर से रात्रि 7 बजे प्रारंभ होगी। 16 अक्टूबर रात्रि 7 बजे से कब्बालियों का मुकाबला जिसमें शब्बीर सदाकत साबरी राजस्थान ओर अकरम असलम वारसी मुरादाबाद के बीच होगा। व लंगर ओर फातहा का दौर चलता रहेगा। 17 अक्टूबर में महफिल ए रंग व दुआ ए खैर का आयोजन होगा। उर्स व दरगाह कमेटी गौसाबाद के अध्यक्ष सगीर उस्मानी ने शरीके उर्स पाक से दुनियावी व रूहानी फैल हासिल करने की अपील लोगों से की है।

### नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के लिए आवेदन 18 तक

**नरसिंहपुर।** जिले के विकासखंड स्तरीय नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला करेली, गोटेगांव, तेन्दूखेड़ा- चांवरपाठा, सांईखेड़ा एवं चीचली में प्रयोगशालाओं को संचालित करने के लिये संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सूचना प्रकाशित की गई है। उप संचालक कृषि नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में विकासखंड स्तरीय नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में युवा उद्यमियों संस्थाओं द्वारा मृदा नमूना परीक्षण कराये जाने के लिये मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के आवंटन के लिए एमपी ऑनलाईन के माध्यम से प्रस्ताव आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। युवा उद्यमी कृषि संबद्ध संस्थाएं अपने आवेदन 18 अक्टूबर तक पोर्टल पर स्वयं एवं एमपी ऑनलाइन कियोस्क केन्द्र के माध्यम से आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। आवेदन की संक्षिप्त सूचना विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### गाय के सिर-पैर काट कर रास्ते में डालने से बवाल

**गौ हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरेगा हिंदू समाज**

**नरसिंहपुर।** गत दिवस कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अशांति फैलाने के उद्देश्य से गाय का सिर और चारों पैर काटकर मार्ग पर डाल दिए। लोगों ने सुबह जैसे ही इसे देखा, तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर था। चारों ओर इस घटना की निंदा की जा रही है। इसके साथ ही जैसे-जैसे हिंदू धर्मावलंबियों को जानकारी लगी तो आक्रोश और फैल गया। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिले भर के हिंदू संगठनों ने इस घटना के विरोध में नरसिंहपुर बंद का आव्हान किया है। जानकारी अनुसार सालीचौका क्षेत्र के बाबई खुर्द मार्ग पर सुबह लोगों ने गाय का कटा सिर और पैर देखे सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। लोगों ने कहा कि गौमाता की हत्या जिस तरह की गई है, उसको देखकर साफ लगता है कि विधर्मियों ने हिंदू पर्व के दौरान क्षेत्र की शांति भंग करने का प्रयास किया है। घटना को लेकर पुलिस भी अलर्ट नजर आ रही है। समूची स्थिति पर अपनी नजरें जमाए हुए है। अतिरिक्त बल भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने तैनात किया है। मामले की जानकारी लगती ही पुलिस भी तत्काल सक्रिय हो गई है। कुछ संदिग्धों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वही धार्मिक संगठनों द्वारा विरोध करते हुये आज ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग करने की बात कही जा रही है। वही अधिवक्ता एवं भाजपानेत्री श्रीमती जया शर्मा द्वारा भूख हड़ताल का भी ऐलान किया गया है। शोसल मीडिया पर उनके द्वारा कहा गया है कि जिस प्रकार गाय के हाथ काटे गये है उसक प्रकार अपराधी के भी होना चाहिये। जिसका समर्थन विविध संगठनों द्वारा भी किया जा रहा है।

## अधर्म के प्रतीक रावण के पुतले को हुआ दहन

# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व









## लगाये प्रभु राम के जयकारे, हिंदू उत्सव समिति ने किया आयोजन

*विगत दिवस सम्पूर्ण जिले मे विजयादशमी का पर्व मनाया गया एवं लोगों द्वारा सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। सनातन हिन्दू उत्सव समिति द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें नरसिंहपुर में 50 फीट तो करेली मे 51 फुट के रावण पुतले का दहन किया गया। वही गांव - गांव गली मोहल्लों में भी रावण दहन किया। वही मौसम के बदले मिजाज के कारण शाम के समय हुई बारिश से रौनक कम होती नजर*
*आई लेकिन देर रात तक मैदान में काफी भीड़ रही।*

नरसिंहपुर

विगत दिवस विजयादशमी का पर्व सम्पूर्ण जिले मे बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोगो द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर विजय उत्सव मनाया एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का परिचय देते हुये गले मिलकर बधाई दी। वही जिला मुख्यालय सहित गांव- गांव व गली मोहल्लों में रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण बुराई व असत्य का प्रतीक मानते हुये पुतला दहन किया जाता है एवं भगवान राम अच्छाई व सत्य के प्रतीक है माना जात है कि आज के दिन भगवान राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी।

### 50 फीट के रावण का दहन

जिला मुख्यालय के स्थानीय चर्च ग्राउंड में तकरीबन 9 बजे सनातन हिन्दू उत्सव समिति द्वारा 50 फुट के रावन का दहन किया गया जिसमें राम के रूप में बालक ने रावण के पुतले पर मसाल से आग लगाई। आयोजन समिति द्वारा बाजे गाजे के साथ विजय उत्सव पर्व मनाया गया एवं आतिशबाजी की गई बहुत देर तक बुराई व असत्य का प्रतीक रावण का पुतला धू- धू कर जलता रहा। बुराई पर अच्छाई की जीत का महापर्व विजयदशमी नगर में पूरे धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू उत्सव समिति नरसिंहपुर के तत्वावधान में विगत दिवस लगभग 50 फुट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

### राम मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा

स्थानीय कन्देली स्थित राम मंदिर से श्री राम, श्री लक्ष्मण व श्री हनुमानजी की रथ द्वारा भव्य सवारी निकाली गई जिसका जगह जगह दुर्गा मंडलों व श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत व पूजन-अर्चन किया गया। यह सवारी कार्यक्रम स्थल पर लगभग 9 बजे पहुँची जहां विशाल जन समुदाय ने जय श्री राम के उद्घोष लगाकर भगवान की झांकी का स्वागत किया। तत्पश्चात समिति से अमितेन्द्र नारोलिया ने भगवान श्री राम व लक्ष्मण को अपने कन्धों पर उठाकर मंचासीन किया। वहाँ जनसमुदाय में विराजमान कलेक्टर व अनेक प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा नागरिकों ने भगवान का पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात भगवान रथ पर सवार होकर रावण के विशाल पुतले की ओर पहुचकर तीर द्वारा रावण का दहन किया। अद्भुत आतिशबाजी से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। पत्रकार नीलेश जाट ने कार्यक्रम में पधारी भजन मंडली का सम्मान किया। सनातनी हिन्दू उत्सव समिति की ओर से आशुतोष वर्मा, पवन पाठक, कुलदीप सलूजा, लेखराम महोबिया, हरिओम महोबिया, रमाकांत खत्री, आशीष गुप्ता, अजय सोनी, प्रवीण ब्यौहार, अनिल नेमा, लक्ष्मीकांत, संदीप नेमा, इंजी. अनुराग चैकसे इत्यादि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन आयुष सराठे व संजय तिवारी, आभार प्रदर्शन तरुणेन्द्र ठाकुर द्वारा किया गया।

### धू - धू कर जला 51 फिट का रावण

करेली में विशाल जन समूह की मौजूदगी में पुरानी गल्ला मंडी परिसर करेली में सियाराम सेना समिति द्वारा ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन, गल्ला व्यापारी, जय बजरंग वानर सेना व नगर के पत्रकारों के सहयोग से सनातन परंपरा के अनुरूप असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक स्वरूप लगभग 51 फुट के विशाल रावण दहन का दहन किया गया। रघुकुल शिरोमणि, सनातन कुल आराध्य, भगवान श्री राम, श्री लक्ष्मण, श्री हनुमान की भव्य महाआरती के पूजन में कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी महंत प्रीतमपुरी ब्रजेश माते सुरेश नेमा, कृपाशंकर पालीवाल, विवेक खासकलम सहित समिति सदस्यों, पत्रकारों नागरिको, पार्षदो द्वारा किया गया। समिति ने करेली पुरानी गल्ला मंडी में प्राचीन काल अनेकों वर्षो से चली आ रही रावण दहन की परम्परा जीवंत रखी। दशहरा उत्सव के विशाल रावण दहन का कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगो की उपस्थिति रही।

# मंत्री श्री पटेल शस्त्र पूजन में हुए शामिल, पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र-पूजन





### विधायक, कलेक्टर व एसपी ने भी यज्ञ आहुतियां देकर किया पूजन

नरसिंहपुर

गत दिवस प्राचीन शस्त्र - पूजन परंपरा के अनुरूप विजयादशमी पर्व पर पुलिस लाइन नरसिंहपुर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में शस्त्र-पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका भी इस शस्त्र-पूजन में शामिल हुए। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा सनातन संस्कृति के विधि-विधानों के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच पवित्र यज्ञ में आहुतियां देकर शस्त्र पूजन किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर पूरे प्रदेश में दशहरा पर्व सरकार और समाज मिलकर धूमधाम के साथ मना रहे हैं। मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधि आज शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस आयोजन के तहत पहली बार शस्त्र पूजन में शामिल होने कि सौभाग्य मिला है इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करता हूँ। इसके लिए सभी को शुभकामनाएँ। आप सब अपने कर्तव्यों के प्रति सजग व ईमानदार रहें। हमारा संविधान हमें मर्यादा में रहने की सीख देता है। मेरे गुरु परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी ने कहा था कि दानवों से लड़ने के लिए महादानव नहीं बनना पड़ता है, बल्कि शक्ति बनना पड़ता है। मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है। यह पर्व इसी बात का संदेश देता है कि शस्त्र पूजन करें और साधना व संयम की पराकाष्ठा को मानें। सामर्थ्यवान होने के बावजूद किसी अन्याय नहीं करें। मेरी यह व्यक्तिगत राय है कि शस्त्र पूजन समाज के मूल्यों एवं धर्म की रक्षा के लिए किया जाता है इसलिए शस्त्र रखने वालों को इस साधना की जरूरत है, ताकि वह मर्यादित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके। समाज में संतुलन बनाने के लिए हमें जागरूक होना पड़ेगा। विधायक श्री नागेश ने कहा कि सत्य प्रताड़ति हो सकता है किन्तु पराजित नहीं हो सकता है। आज के इस आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद। हम जानते हैं कि बुराई पर अच्छाई की जीत हमेशा होती है। प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष का दशहरा पर्व महिला सशक्तिकरण और सुशासन की प्रतीक लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा होने के नाते यही मंशा होती है कि हम नियम एवं कानून से अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारी का निर्वाह बखूबी कर पाए। कनून की आवश्यकता हमें तब होती है जब कोई अपनी शक्ति से किसी व्यक्ति के अधिकारों का हनन करता है। इस दिशा में पुलिस की अहम भूमिका होती है। हम यह ध्यान रखें कि हमारा संविधान सर्वोपरि है। आप सभी जिले वासियों को दशहरे पर्व की शुभकामनाएँ। पुलिस अधीक्षक श्रीमती डेका ने कहा कि हम यह पूजा इसलिए कर रहे हैं, ताकि समाज की बुराई को खत्म कर सके। पुलिस परिवार के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पहली बार मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन हुआ है यह हमारे लिए खुशी की बात है। प्रकृति में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। बुराई को मिटाने के लिए हमें अपनी शक्ति का उपयोग करना होता है।

# पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ सम्पन्न



नरसिंहपुर।

*अखिल विश्व गायत्री परिवार शक्तिपीठ में प्रति वर्ष अनुसार नवरात्रि में प्रथम तिथि से नवमी तक पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया दशहरा पर विशाल पंच कुंडी यज्ञ के साथ भंडारा किया गया जिसमें परिजनों ने बढ़कर अनुदान देकर भंडारा को सफल बनाया प्रतिदिन यज्ञ, दीक्षा संस्कार पुंसवन संस्कार जन्मदिन संस्कार संपन्न कराए गए गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया यज्ञ का संचालन रामशंकर वर्मा द्वारा किया गया देवालय प्रबंधन श्रीमती हेमलता शर्मा उमा विश्वकर्मा श्रीमती मंजू श्रीवास्तव के निर्देशन में पंच कुंडी यज्ञ का आयोजन सफल रहा नगर के हजारों परिजनों ने यज्ञ का पुण्य लाभ प्राप्त किया युवा पीढ़ी संस्कारवान बने थम्मन सिंह शर्मा प्रेमचंद शाक्य मनोज सोनी राजेंद्र पटेल अशोक साहू एवं महिला मंडल युवा प्रकोष्ठ प्रभारी मुकेश पटेल श्रवण कुमार साहू दीपक चैरसिया सतीश पाली के द्वारा गुरुदेव के विचारों का संदेश दिया गया गायत्री परिवार जिला नरसिंहपुर में सभी संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाते है के अखंड ज्योति निरंतर 1982 शक्तिपीठ में प्रज्वलित हो रही है यशवंत सिंह सत्येंद्र पालीवाल प्रतीक सिंह का योगदान सराहनीय रहा ।*

# सुगम विद्युत योजना होगी लागू

**नरसिंहपुर।** प्रदेश की घोषित एवं अघोषित अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को स्थायी विद्युत कनेक्शन देने के लिये आवश्यक अधोसंरचना निर्माण की लागत के भुगतान में राहत देने के लिए सुगम विद्युत (सुविधा) योजना- 2024 लागू की गई है। इन कॉलोनियों के रहवासियों की समस्याओं के समाधान के लिये बनाई गई यह योजना दो वर्ष के लिये लागू होगी। योजना में निर्धारित शर्तों के अधीन अधोसंरचना लागत राशि किश्तों में जमा की जा सकती है। ऐसी अवैध कॉलोनियां जो रेरा में पंजीकृत नहीं है, के नये आवेदक जो विद्युत कनेक्शन के लिये आवश्यक विद्युत अधोसंरचना का निर्माण विद्युत वितरण कंपनियों से कराना चाहते हैं, लेकिन प्राक्कलन राशि का एकमुश्त भुगतान नहीं कर पाने के कारण नवीन कनेक्शन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, वे योजना के अंतर्गत पात्र होंगे। यह योजना केवल व्यक्तिगत आवेदन और आवेदकों के समूह के लिये लागू होगी। हाउसिंग सोसायटी बिल्डर कॉलोनाइजर इस योजना में पात्र नहीं होंगे। योजना में आवेदक या आवेदकों के समूह को निर्धारित राशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत आवेदन के साथ एकमुश्त देना होगा। शेष राशि का भुगतान कनेक्शन चालू होने के बाद मासिक बिल के साथ ब्याज सहित किया जा सकेगा। भुगतान अधिकतम दो वर्ष की अवधि में कर सकेंगे। योजना का लाभ लेने के लिये आवेदक को महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय में आवेदन देना होगा। साथ ही स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि वह योजना के प्रावधान के अनुसार राशि का भुगतान करेंगे। नवीन कनेक्शनों के लिये आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन देना होगा एवं विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित सर्विस कनेक्शन शुल्क, सुरक्षा निधि आदि भी देय होगा। आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण बिजली कंपनियों द्वारा निर्धारित एसओआर के अनुसार किया जायेगा।

# मातारानी की प्रतिमा विर्सजन व चल समारोह जारी



**नरसिंहपुर।** जिले भर में विराजमान की गई माता रानी की प्रतिमाओं को विसर्जन किया जा रहा है प्रशासन द्वारा विसर्जन कुड़ों पर पुलिस व्यवस्था लगाई गई है वही आयोजन समीतियों द्वारा मातारानी की भव्य झांकी के साथ चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। भक्त डी जे की धुन पर नाचते गाते मातारानी को विदा करते हुये नजर आये। विसर्जन का क्रम शनिवार शाम से जारी है नर्मदा के घाटो पर कुड़ बनाकर विसर्जन कराया जा रहा है। वही प्रशासन द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। विसर्जन के दौरान पूरी सावधानी बरती जा रही है।

**एन.ओ.सी. गुमा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपनारायण लोधी निवासी ग्राम सिमरिया पोस्ट मड़ेसुर थाना करेली जिला नरसिंहपुर की गाड़ी क्रमाक एम पी 49 सी 1478 जो कि महेन्द्रा एंड महेन्द्रा कंपनी से फाइनेंस थी जिसकी एन ओ सी गुम हो गई है जिसकी सूचना पुलिस थाना करेली में दी जा चुकी है। एनओसी की द्वितीय प्रति प्राप्त हेतु सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है जिस किसी को आपति हो वह पुलिस थाना करेली में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**आवेदक- रूपनारायण लोधी**
निवासी ग्राम सिमरिया तहसील गाडरवारा थाना करेली जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)